भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 704

02 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए अमृत योजना

704 श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने विगत तीन वर्षों अर्थात् 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य के लिए अमृत योजना के अंतर्गत केंद्रीय सहायता के रूप में **₹** 1,056.62 करोड़ रूपये जारी करने की प्रतिबद्धता जताई है**;**

(ख) यदि हां**,** तो विगत तीन वर्षों के दौरान केवल ₹183.70 करोड़ रूपये जारी किए जाने के क्या कारण हैं**;** और

(ग) सरकार अमृत के अंतर्गत शुरू की गई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए शेष राशि कब तक जारी करने जा रही है**?**

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (ग): अटल नवीकरण एवं शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) की शुरुआत 25 जून 2015 को की गई थी, जिसके तहत आंध्र प्रदेश सहित प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) के लिए केंद्रीय सहायता (सीए) मिशन की शुरुआत में आवंटित की गई थी। आंध्र प्रदेश राज्य की राज्य वार्षिक कार्य योजना (एसएएपी) के लिए 1,056.62 करोड़ रु. के केंद्रीय हिस्से सहित 2,890.17 करोड़ रु. की परियोजनाओं के लिए अनुमोदन दिया गया है।

इसके अलावा, अमृत के तहत परियोजनाओं के लिए संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा प्रस्तुत दावों/प्रस्ताव के आधार पर निधियां जारी की गईं। आंध्र प्रदेश राज्य को परियोजनाओं के लिए वर्ष 2015-16 से 2023-24 तक 1,056.62 करोड़ रूपए की प्रतिबद्ध केंद्रीय सहायता (सीए) में से, राज्य सरकार को 1,049.89 करोड़ रूपए की कुल स्वीकार्य धनराशि पहले ही जारी की जा चुकी है, जैसा कि नीचे दिए गए ब्यौरे में बताया गया है और अमृत के तहत राज्य को अब कोई और धनराशि जारी नहीं की जानी है:

वित्तीय वर्ष	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	कुल
जारी की गई निधियां (करोड़ रुपए में)	60.08	70.32	397.9	91.39	246.69	-	-	76.37	107.13	1049.89

******